एक नजर में

मौसम में बदलाब,सुबह घना कोहरा, दोपहर में निकली धूप

ग्वालियर.मंगलवार को जिले के भितरवार एवं चीनोर तहसील और दतिया जिले में जहां बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई वहीं अंचल में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। बुधवार को सुबह ग्वालियर सहित अंचल में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग ने अगले चार दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। ग्वालियर में फरवरी के चौथे दिन सुबह सर्वाधिक घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान सुबह लगभग नौ बजे तक दश्यता 30 मीटर रही। हालांकि दस बजे के बाद कोहरा विलुप्त हो गया और धूप निकल आई। जिससे ठंड से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार इस समय हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ और पश्चिमोत्तर उत्तर प्रदेश में चक्रवातीय परिसंचरण मौजूद है। एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ हिमालय से गुजर रहा है। हालांकि अब यह मौसम प्रणालियां कमजोर पड़ गई हैं। हवा का रुख भी उत्तर-पूर्वी के स्थान पर उत्तर-पश्चिमी हो गया है। जिससे अब अगले चार दिन मौसम शुष्क रहेगा। यानी दिन में चटक धूप निकलेगी। जिससे ठंड से काफी राहत बनी रहेगी। हालांकि रात का तापमान लुढ़क सकता है। जिससे सुबह-शाम और रात्रि में ठंड का प्रकोप बढ़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी आठ फरवरी को एक और पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है। इसके प्रभाव से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। हालांकि इसके प्रभाव से बारिश होगी या नहीं। यह उसकी तीव्रता पर निर्भर करेगा। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार मंगलवार को अधिकतम तापमान 23.6 और न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस पर था। बुधवार को भी न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस पर रहा। आज अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

लापता बालक को पुलिस ने 12 घंटे में तलाशा

ग्वालियर। घर से लापता हुए 12 वर्षीय बालक को ग्वालियर थाना पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर तलाशते हुए बरामद कर लिया। बेटे को सकुशल वापस पाकर उसके परिजनों ने उसे खोजने वाली पुलिस टीम के प्रति आभार जताया है। उपनगर ग्वालियर की राय कॉलोनी में रहने वाले अंकित राय का 12 वर्षीय भतीजा चिराग राय बीती शाम चार बजे के लगभग घर से अचानक गायब हो गया। जब काफी देर तक वह नजर नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं लगा। चिंतित परिजनों ने रात 12 बजे के लगभग थाने पहुंचकर इसकी सूचना दी। जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली। वहीं ग्वालियर टीआई प्रशांत शर्मा ने घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को बालक की तलाश में लगाया। जिसने मंगलवार सुबह ग्वालियर किले से बालक को सकुशल बरामद कर लिया। जिसने पिता के डांटने से नाराज होकर घर छोड़कर आना बताया है।

गिरगांव में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

ग्वालियर। गिरगांव स्थित लोढ़ी माता मंदिर में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। कथा से पूर्व प्रात: काल की बेला में मंगलकलश एवं श्रीमद्भागवत पुराण पोथी की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने शोभायात्रा में भाग लिया। महिलाओं ने पीली साड़ी पहन कर नंगे पांव कलश सिर पर उठा कर नगर के मंदिरों में भ्रमण किया। शाम की बेला में कथावाचक आचार्य दिनेश शास्त्री ने कलश यात्रा में शामिल होने का महत्व और भागवत की महिमा का बखान किया। आचार्य ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। कथा से पूर्व पंडित रामनिवास शास्त्री द्वारा परीक्षित चौधरी बंटी सिंह गुर्जर एंव श्रीमती सत्यभामा ने व्यास मंच की पूजा कराई। कलश यात्रा में चौधरी अतर सिंह, शिव सिंह पूर्व सरपंच, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक जैन, राजेन्द्र सिंह पूर्व सरपंच, सुल्तान सिंह, सुरेश सिंह, रामवीर सिंह ,अजय सिंह, जसवंत सिंह ठेकेदार, भाजपा किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी पंकज पाठक, अमरीश शर्मा अखंड अग्रवाल चौधरी राम गुर्जर सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

ओला प्रभावित ग्रामों में प्रारंभिक सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर ने किया दल गठित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 4 फरवरी। ग्वालियर जिले के भितरवार अनुभाग क्षेत्र के ग्रामों में 2 व 3 फरवरी की रात में ओलावृष्टि हुई है। इससे प्रथम दृष्टया फसल हानि होना संभावित है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने

प्रभावित ग्रामों में सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ

भितरवार अनुभाग की तहसील चीनौर के ग्राम चीनौर, बड़कीसराय, सिकरौदा, खुर्दपार्क, जुझारपुर, भौरी एवं कछौआ में प्रथम दृष्टया फसल हानि के विस्तृत सर्वेक्षण हेतु तहसील चीनौर के अंतर्गत सर्वेक्षण दल गठित करने के आदेश जारी किए हैं।

ओलावृष्टि के कारण फसल हानि के सर्वेक्षण के लिये सर्वेक्षण दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भितरवार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भितरवार एवं तहसीलदार चीनौर को रखा गया है। सर्वेक्षण दल को निर्देशित किया गया है कि राजस्व विभाग की ओर से राजस्व निरीक्षक, पटवारी, कृषि विभाग से आरएईओ तथा जनपद पंचायत की ओर से सचिव को सम्मिलित करते हुए सर्वेक्षण दल गठित कर तीन दिवस में फसल हानि से संबंधित प्रतिवेदन भू-अभिलेख शाखा को भेजना सुनिश्चित करें। कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर सोमवार की देर रात हुई ओलावृष्टि से प्रभावित ग्राम कछौआ और चीनौर एवं जुझारपुर गांव में जिला प्रशासन की टीम द्वारा फसलों को हुए नुकसान के प्रारंभिक आंकलन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही सर्वेक्षण दल द्वारा अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी सर्वेक्षण की कार्रवाई की जा रही है। निर्धारित समय-सीमा में सभी प्रभावित ग्रामों में प्रारंभिक सर्वेक्षण का कार्य कर लिया जायेगा।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आए

ग्वालियर 4 फरवरी. विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर आज श्रीधाम एक्सप्रेस से भोपाल से ग्वालियर आए। रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का स्वागत कर अगवानी की। स्टेशन से वे अपने सरकारी निवास 29, रेसकोर्स रोड रवाना हुए। विधानसभा अध्यक्ष तोमर का आज ग्वालियर चंबल अंचल में व्यस्त कार्यक्रम रहा। रेल्वे स्टेशन पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक जैन आदि नेताओं ने उनका स्वागत किया।

नवग्रह शक्ति पीठ पर 10 से 20 फरवरी तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

ग्वालियर। नवग्रह शक्ति पीठ, डबरा में 10 फरवरी से 20 फरवरी तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हो रहा है, जिसमें जगद्गुरु शंकराचार्य, महामंडलेश्वर और अंतरराष्ट्रीय धर्म प्रवक्तागण आशीर्वाद देंगे। दाती महाराज एवं बद्रीश महाराज के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा हवन यज्ञ होगा। श्रद्धालु नवग्रह देवताओं के दिव्य दर्शन एवं आशीर्वाद का लाभ ले सकेंगे। 10 फरवरी को विशाल कलश यात्रा, 11-13 फरवरी को शिव महापुराण कथा पंडित प्रदीप मिश्रा सुनाएंगे, इसी प्रकार 14-16 फरवरी तक रामकथा कुमार विश्वास सुनाएंगे।

CHANGE OF NAME

I, **SEEMA** is legally spouse of **SUNEET KUMAR TIWARI,** currently residing Village- Ghuse Tiwari Ka Purwa, Post- Nawabganj, Tahshil- Trabganj, Dist- Gonda, State- Uttar Pradesh, Pin- 271303 have changed my name from **SEEMA to SEEMA TIWARI** Vide Affidavit No. BX 192285 & Date- 03.02.2026 before District Court Gwalior

थाने को कबाड़खाना बना रखा है, इसे व्यवस्थित करें : डागर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 4 फरवरी। थाने को यह क्या कबाड़खाना बना रखा है, इसे व्यवस्थित करें। यह निर्देश मंगलवार को झांसी रोड थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंचीं एएसपी सिटी (ईस्ट) विदिता डागर ने मालखाना एवं रिकॉर्ड - रूम को देखकर दिए। दरअसल एएसपी डागर सुबह अचानक अपने सर्किल के झांसी रोड थाना जा - पहुंचीं। उन्हें देखते ही थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी व

कर्मचारी अलर्ट हो गए। एएसपी द्वारा थाने के पेंडिंग केस व चालानों की जानकारी लेते हुए टीआई शक्ति सिंह यादव को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। वहीं जब वह थाने के मालखाने और रिकॉर्ड रूम का जायजा लेने पहुंचीं, तो वहां बेतरतीब पड़ी फाइल्स व अन्य सामान को देखकर नाराजगी जताते हुए कहा, कि यह क्या कबाड़खाना बना रखा है। इसमें से महत्वपूर्ण दस्तावेज कैसे तलाशते हैं आप, इसे व्यवस्थित करवाएं। उन्होंने थाने के मुंशी को पुराने रिकॉर्ड व विसरा की छंटनी कर उसे विधिवत नष्टीकरण करवाने तथा थाने पर संधारित किए जाने वाले रिकॉर्ड को मेंटेन करने के निर्देश दिए।

आम सूचना

श्री योगेश पटेल पुत्र श्री अवधलाल एवं श्रीमती कीर्ति देवी पत्नी श्री धनाराम के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन क्र.07. स्थित विधायक कॉलोनी, ज्वाला देवी से हनुमान जी मंदिर के बीच, ग्राम भाण्डेर, तहसील भाण्डेर एवं जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद भाण्डेर वार्ड क्र.07 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 81.79 वर्गमीटर है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भवन कमलेश वर्मा, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भवन कोके सिंह यादव एवं दक्षिण में-भूमि ज्वाला प्रसाद है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री तुलसीराम एवं श्री संतशरण पुत्रगण श्री मेहरबान द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.824 दिनांक 12.07.1996 से क्रय की गई। श्री तुलसीराम एवं श्री संतशरण द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती भगवती देवी पत्नी श्री अवधलाल एवं श्रीमती कीर्ति देवी पत्नी श्री धनाराम को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.733 दिनांक 20.07.2010 से विक्रय की गई। श्रीमती भगवती देवी का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री योगेश पटेल पुत्र श्री अवधलाल उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं नगर परिषद भाण्डेर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री योगेश पटेल एवं श्रीमती कीर्ति देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्रीमती भगवती देवी के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती आशा चौबे पत्नी श्री संतोष चौबे के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम हमीरपुर, तहसील एवं जिला दतिया (म.प्र.) में है जो भूमि सर्वे क्र.9/मिन-1 एवं 10/2 ग्राम हमीरपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-भवन दुबे जी, उत्तर में-भवन श्री सोनू कमरिया एवं दक्षिण में-भूखण्ड श्री राकेश पाल है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती संध्या मिश्रा पत्नी श्री महेश मिश्रा एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती संध्या मिश्रा द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.51 हैक्टेयर एरिया श्री अंकित गाँधी पुत्र श्री राकेश कुमार गाँधी को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.5237 दिनांक 31.03.2015 से विक्रय की गई। श्री अंकित गाँधी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती आशा चौबे पत्नी श्री संतोष चौबे को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी09592017 ए1173135 दिनांक 31.03.2017 से विक्रय की गई। श्रीमती आशा चौबे द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री अवधेश कुमार शर्मा पुत्र श्री कमलेश शर्मा के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री अवधेश कुमार शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री बल्लू कुशवाह, श्री राजेश कुशवाह एवं श्री दीपक कुशवाह पुत्रगण श्री गुलाब कुशवाह के स्वत्व व स्वामित्व की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र.40 स्थित ग्राम खुरैरी, तहसील व जिला ग्वालियर में है जो भूमि सर्वे क्र.1137 ग्राम खुरैरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1075 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-सम्पत्ति दीगर एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.41 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति राजस्व रिकॉर्ड अनुसार पूर्व में श्रीमती शांति बाई पुत्री स्व. श्री भरत सिंह (पत्नी श्री जसवंत सिंह), लीला एवं छुट्टो पुत्रियां स्व. श्री भरत सिंह, श्रीमती पांचो बाई पत्नी स्व. श्री भरत सिंह, श्री हरिओम पाल पुत्र स्व. श्री भरत सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती पांचो बाई पत्नी स्व. श्री भरत सिंह, श्रीमती लीला पुत्री स्व. श्री भरत सिंह (पत्नी श्री मुकेश बघेल) एवं श्रीमती छुट्टो बाई उर्फ रेखा पुत्री स्व. श्री भरत सिंह (पत्नी श्री दिनेश) द्वारा उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति के संबंध में श्री हरिओम पाल पुत्र स्व. श्री भरत सिंह के हित में रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र.एमपी 142592023ए41874504 दिनांक 23.05.2023 को सम्पादित किया गया। श्रीमती पांचो बाई, श्रीमती लीला एवं श्रीमती छुट्टो बाई उर्फ रेखा जर्ये मुख्त्यारआम श्री हरिओम पाल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री बल्लू कुशवाह, श्री राजेश कुशवाह एवं श्री दीपक कुशवाह पुत्रगण श्री गुलाब कुशवाह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी142592024 ए1775808 दिनांक 19.06.2024 से विक्रय की गई। श्री बल्लू कुशवाह, श्री राजेश कुशवाह एवं श्री दीपक कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान कैपरी ग्लोबल हाउसिंग फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 02 वार्ड क्रमांक 10 स्थान लखेरा गली में स्थित है जो कि शुभाष चन्द्र/राम नारायन के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1004356198 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 188 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड मृत्यु उपरांत पत्र एमपी142602024 ए11321537 दिनांक 13/11/2024 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र नौमहला पर दिनांक 04/02/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 61/2010/ 57936/58144 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 04-2-2026
रवि सोनी/श्री ओमप्रकाश सोनी
पता : लखेरा गली, ग्वालियर म.प्र.
मोब-7898203380

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 52 स्थान नादरिया माता, चौरसिया कॉलोनी, गुढा में स्थित है जो कि माधवी पालान्डे/स्व.जीवाजीराव पालान्डे के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000139927 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 648 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड वसीयत अनुसार दिनांक 29/01/2018 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ऑमखो पर दिनांक 04/02/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन पत्र संख्या-26000079958 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 04-2-2026
विकास राव पलान्डे/स्व.जीवाजी राव पलान्डे
पता : नादरिया माता,गुढा, ग्वालियर म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 52 स्थान बीजासेन नगर,गुडा में स्थित है जो कि भरत कुमार दीक्षित/किशन लाल दीक्षित के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1001382076 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1125 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड मृत्यु उपरांत पत्र ए1/11264/6 दिनांक 30/12/1998 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ऑमखो पर दिनांक 04/02/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन पत्र संख्या-26000079979 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 04-2-2026
कमलेश दीक्षित, प्रभात दीक्षित/
स्व.भरत कुमार दीक्षित
पता : बीजासेन नगर,गुडा, ग्वालियर म.प्र.
मोब-9479331461

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 20 वार्ड क्रमांक 48 स्थान हैदरगंज में स्थित है जो कि अंजना शर्मा/सतीश शर्मा के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000178056 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 680 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र एमपी142602024 ए1064462 दिनांक 16/01/2024 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ...पर दिनांक 02/02/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 74/2010/65119/ 65192 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 04-2-2026
अमन जैन/निर्मल कुमार जैन
पता : हैदरगंज, ग्वालियर म.प्र.
मोब-8435879429

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 19, वार्ड क्रं 46,स्थान तेली की बजरिया,नायक साहब की बगीया,नया बाजार ग्वा0 मे स्थित है जो कि नसीर मोहम्मद/अल्लादीन के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 7003281350 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 100 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा औषधालय, क्षे.क्र 19, पर दिनांक 04.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 82/2011/25135/25225 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
मोहम्मद बशीर/अल्लादीन
पता-नायक साहब की बजरिया,नया बाजार लश्कर ग्वा0(म.प्र.)
मो0-7566607073,9826215778
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्रं 48,भवन क्रं 2459,2456 का भाग,स्थान गाडवे की गोठ ग्वा0 मे स्थित है जो कि भानु प्रकाश अग्रवाल,राजेश बंसल/स्व. सुरेन्द्र प्रकाश बंसल के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000211318, 1000211315 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 950 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-13012600065392 दिनांक 13.01.2026 प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द 20 सिंधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 02.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 74/2010/65119/65192 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता
विक्की अग्रवाल/गिर्राज किशोर अग्रवाल
पता-गाडवे की गोठ ग्वा0 (म.प्र.),
मो0-9827220928
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.02.2026

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 19, वार्ड क्रं 50, भवन क्र 224 का भाग, स्थान राय सिंह का बाग लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि रोहित सालुंके,संगीता सालुंके,संदीप सालुंके /स्व.अन्ना साहेब सालुंके,गणपतराव, बसंत राव सालुंके/बाबा साहब सालुंके के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000078707 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफ्ल 193 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-17102501525861 दिनांक 17.10.2025 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र महाराज बाडा औषधालय, क्षे.क्र 19, पर दिनांक 04.02.2026 को कि